पत्र संख्या– उ०नि०– 49/2014...../रा0

बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग
(उर्दू निदेशालय)

प्रेषक,

बी० प्रधान,
सरकार के प्रधान सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक.....

विषयः– **वित्तीय वर्ष 2014–15 में मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग के मांग संख्या–04 के अंतर्गत मुख्य शीर्ष–"2052–सचिवालय सामान्य सेवाएँ–राज्य योजना–090–सचिवालय–0101– राजभाषा–" के अधीन विषय शीर्ष–"26 01–विज्ञापन और प्रकाशन" के तहत उपबंधित कुल 170.21 लाख रूपये (एक करोड़ सत्तर लाख इक्कीस हजार रूपये) में से उर्दू निदेशालय द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम 'जश्न–ए–उर्दू' के आयोजनार्थ कुल 37.81 लाख (सैतीस लाख इक्यासी हजार रूपये) मात्र के व्यय की स्वीकृति।**

आदेश :– स्वीकृत।

2. यह राशि उर्दू निदेशालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम जश्न–ए–उर्दू पर व्यय की जायेगी।

3. प्रस्तुत व्यय मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग की वार्षिक योजना 2014–15 के मांग संख्या–04 के योजना बजट शीर्ष–"2052–सचिवालय–सामान्य सेवाएँ–राज्य योजना–090– सचिवालय–0101–राजभाषा" के अधीन विषय शीर्ष "26 01 विज्ञापन और प्रकाशन" में यथाउपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

4. इसका विपत्र कोड संख्या–P2002090000101 है।

5. यह राशि वित्त विभाग के पत्र संख्या–1353/वि0, दिनांक 10.03.14, 687/वि0, दिनांक–24.07.14 एवं 6720/वि0, दिनांक 25.07.14 के अधीन कर्णांकित स्वीकृति के अंतर्गत है।

6. यह राज्यादेश वित्त विभाग के अधिसूचना संख्या– 96 वि0 (2), दिनांक 03.01.2008 में विहित प्रावधान के अधीन सक्षम प्राधिकार के अनुमोदनोपरान्त निर्गत किया जाता है। सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन संचिका संख्या उ०नि०–49/2014 के पृष्ठ 2/टि० पर प्राप्त है।

7. इसके निकासी एवं व्यय पदाधिकारी, निदेशक, राजभाषा होंगे।

8. इस राशि की निकासी महालेखाकार कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से की जाएगी।

9. वित्त विभाग के पत्रांक–7355/वि0, दिनांक–05.10.2007 के अनुसार इस योजना के लिए प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/–
(बी० प्रधान)
सरकार के प्रधान सचिव

ज्ञाप संख्या–...../रा0, पटना, दिनांक.....

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए दी जाती है।

ह0/–
(बी० प्रधान)
सरकार के प्रधान सचिव

ज्ञाप संख्या– 37/रा0, पटना, दिनांक 27.1.15

प्रतिलिपि विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग/निदेशक–सह–अपर सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग, बिहार, पटना/वित्त विभाग, वित्त विभाग/लेखा प्रशाखा (तीन प्रतियों में)/बजट प्रशाखा/योजना प्रशाखा, मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु दी जाती है। आई०टी० मैनेजर मंत्रिमंडल सचिवालय को Web page पर upload हेतु सूचनार्थ दी जाती है।

Bindeshwar Pradhan 27/1/15
(बी० प्रधान)
सरकार के प्रधान सचिव
27.1.15

E:\Jashn-e-urdu-2015\File no- urdu-49-2014 Date- 26-01-2015